हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
9 मार्च 2026, बरेली

PAGE NO 5 : MIDDLE

एसआरएमएस मेडिकल कालेज की तरफ से आयोजित वर्कशॉप में शामिल विशेषज्ञ।

कार्यशाला में मृत्यु दर कम करने में जोर

बरेली। नवजात बच्चों की मृत्यु दर कम करने और उन्हें उचित उपचार मुहैया करने में मेडिकल कॉलेजों की अहम भूमिका है। बीमारी से बचाव के लिए नवजात बच्चों की पूरी जांच और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मेडिकल कालेजों को आगे आना चाहिए। यह बात एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने दो दिवसीय पीडियाट्रिक एवं नियोनेटल अपडेट कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर कही। कार्यशाला में कर्नल डा. राहुल सिन्हा, कर्नल डा. आराधना द्विवेदी, डा. सफल मोहम्मद, कर्नल डा. पुनीत सिंह, कर्नल डा. आशीष सिमाल्ती ने व्याख्यान दिया।